प्रादेशिक समाचार
18.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कानून–व्यवस्था, साइबर अपराध नियंत्रण और उग्रवाद उन्मूलन को सरकार की प्राथमिकता बताया। साथ ही दुमका में कमर्शियल पायलट ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को बड़ी उपलब्धि करार दिया।
राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन में शोक प्रस्ताव रखा। इसमें राजनीति, कला और उद्योग जगत की दिवंगत हस्तियों तथा विभिन्न दुर्घटनाओं के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

****

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

****

रेलवे ने होली के मद्देनजर एर्नाकुलम और मुजफ्फरपुर के बीच स्पेशल ट्रेन (06085) चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। झारखंड के जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा, जिससे त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

****

पश्चिम सिंहभूम के कुमारडुंगी में डायन–बिसाही के संदेह में भीड़ ने एक परिवार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे महिला और उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। पति की स्थिति नाजुक है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार रेनू के अनुसार 12 आरोपियों ने सरेंडर किया है और जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाते हुए निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए सभी पांच आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया है। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में सजा को रद्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि 2015 में हजारीबाग कोर्ट परिसर में सुशील श्रीवास्तव की अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी गई थी।

****

उधर, पाकुड़ पुलिस ने महेशपुर थाना क्षेत्र में फाइनेंस कर्मी से हुई लूट का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 लाख 68 हजार रुपये नकद, हथियार और बाइक बरामद हुई। एसपी निधि द्विवेदी के अनुसार, एसआइटी ने तकनीकी अनुसंधान के जरिए इन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

****

राज्य में आज मौसम मुख्य रूप से शुष्क और साफ बना हुआ है। सुबह के समय हल्की धुंध देखी गई, जिसके बाद आसमान साफ हो गया है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 27 डिग्री से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। जमशेदपुर, चाईबासा और पलामू जैसे जिलों में पारा 31 डिग्री से 32 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका

है, जिससे दिन के समय हल्की गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने 19 फरवरी तक मौसम के स्थिर रहने का पूर्वानुमान जताया है।

****

जामताड़ा में 19वीं झारखंड राज्य पुरुष सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का समापन आज हो रहा है। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 24 से 27 फरवरी तक गुजरात के वडोदरा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******समाप्त*******